against the agent for recovery of the remaining dues.

(c) In order to reduce the financial risk, the number of tickets issued to agents has been reduced and the travel agents wanting more documents are now required to give additional guarantee in the form of certified cheques. Further no agent is allowed to hold more than 200 documents at any given point of time.

अजन्ता-एलोरा की विकास परियोजना हेतु सहायता

2513. **श्री प्रमोद महाजन :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अजन्ता-एलोरा/औरंगाबाद की विकास परियोजना हेतु जापान सरकार द्वारा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस संबंध में काफी सहायता उपलब्ध कराये जाने के बावजूद सरकार अभी तक कार्य की शुरूआत भी नहीं कर सकी है ;

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) सरकार इस विकास परियोजना को कब तक पूरा करने के बारे में सोच रही है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, हां ।

(ख) से (घ) वनरोपण, बिजली आपूर्ति, स्मारकों के संरक्षण और औरंगाबाद हवाई अड्डे के विस्तार का कार्य पहले ही शुरू किया जा चुका है । परियोजना के दिसम्बर, 1996 तक पूरी हो जाने की आशा है ।

एयर इंडिया द्वारा रायल्टी पर दिए गए रूट

2514. **श्री गोविन्दराव आदिक :**
श्री प्रमोद महाजन :

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) एयर इंडिया द्वारा रॉयल्टी पर दिए गए रूटों का ब्यौरा क्या है ।

(ख) क्या सरकार इन रूटों को इंडियन एयरलाइंस को देने पर विचार कर रही है :

यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है :
और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जिन मार्गों पर विदेशी विमान कम्पनियां अपनी सेवाएं प्रचालित कर सकती हैं, वे सरकार के स्तर पर किए गए हवाई सेवा करार में विनिर्दिष्ट होते हैं । कुछ मामलों में विदेशी वाहकों द्वारा यातायात अधिकारों का प्रयोग करना राष्ट्रीय वाहकों के साथ होने वाले वाणिज्यिक करार पर निर्भर करता है । जिन मार्गों के संबंध में एयर इंडिया ने विदेशी वाहकों के साथ ऐसी वाणिज्यिक व्यवस्था की है, वे विवरण में दिए गए हैं । (नीचे देखिए) ।

(ख) से (घ) अन्तरराष्ट्रीय मार्गों पर इंडियन एयरलाइन्स के प्रचालन आरम्भ करने के लिए प्रयास किए जाते हैं जो कि उपस्करों तथा प्रचालनात्मक अवरोधों पर निर्भर करता है ।

विवरण

जिन मार्गों पर एयर इंडिया ने विदेशी वाहकों के साथ वाणिज्यिक व्यवस्था की है उनकी सूची :

1. भारत	बंग्लादेश (केवल पंचम स्वतंत्र यातायात से आगे)
2. भारत	मिश्र
3. भारत	इथोपिया
4. भारत	ईरान
5. भारत	इजराईल
6. भारत	जार्डन
7. भारत	निदरलैण्ड
8. भारत	कतार
9. भारत	रोमानिया
10. भारत	सीरिया
11. भारत	रूस
12. भारत	यू० के० (केवल को-टर्मिनल उड़ानों के लिए)
13. भारत	उजैन
14. भारत	यमन